कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला

(जिला एवं सैशन न्यायालय, जोधपुर जिला)

(हैल्पलाईन नं: 8306002129; फोनः 0291–2943451; ई–मेल आई.डी.: dlsa24jodhpurdistrict@gmail.com)

क्रमांकः–जि.वि.से.प्रा./स्था./संविदा सेवा/विज्ञप्ति/2026–27/03 दिनांक –23/3/26

शुद्धि पत्र(Corrigendum)

इस प्राधिकरण द्वारा विपरीत प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञप्ति संख्या 02 दिनांक 17.03.2026 से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला मुख्यालय(स्थाई लोक अदालत सहित) एवं जोधपुर जिला न्यायक्षेत्र की अधीनस्थ तालुका विधिक सेवा समितियों में कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार कुल 10 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों पर विपरित प्रतिनियुक्ति पर सेवानिवृत्त कार्मिकों की संविदा पर सेवाएं वित्तीय वर्ष 2026–27(दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक) अथवा नियमित भर्ती होने तक, जो भी पूर्व में हो, के लिये संविदा पर, जो भी पहले हो की कालावधि तक सेवाएं देने के इच्छुक कार्मिक विज्ञप्ति के संलग्न आवेदन पत्र के प्रारूप में मय वांछित दस्तावेज के साथ आवेदन आमंत्रित किये गये है। इस हेतु विज्ञपित दिनांक 17.03.2026 में वर्णित शर्तों के अध्यधीन संविदा पर सेवाएं देने वाले इच्छुक कर्मचारी अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला के कार्यालय में आवेदन प्राप्त किये जाने की अंतिम दिनांक दिनांक 24.03.2026 को 1.00 पी.एम. तक नियत की गयी है।

माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के संशोधित आदेश कमांक 195 दिनांक 19.03.2026 के द्वारा **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला मुख्यालय(स्थाई लोक अदालत सहित) एवं जोधपुर जिला न्यायक्षेत्र की अधीनस्थ तालुका विधिक सेवा समिति कार्यालयों में कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार** संविदा पर विपरित प्रतिनियुक्ति पर सेवानिवृत्त कार्मिकों की सेवाएं लिये जाने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के विज्ञापित **पदों** की **संख्या 10 से घटाई जाकर 09 की जाती है।**

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश)
जोधपुर जिला।

क्रमांकः–जि.वि.से.प्रा./स्था./संविदा सेवा/विज्ञप्ति/2026–27/73 दिनांक–23/3/2026

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर।
2. श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर जिला।
3. श्रीमान् सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर।
4. श्रीमान् जिला कलेक्टर, जोधपुर जिला को समस्त अधीनस्थ विभागों/PSUs में सूचित करने बाबत्।
5. अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, बिलाड़ा/पीपाड़/बालेसर/औसियां।
6. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, भोपालगढ़।
7. जिला नियोजन अधिकारी, जोधपुर जिला।
8. कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जोधपुर शहर/ग्रामीण।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर।
10. प्रभारी अधिकारी, पेंशन कार्यालय, जोधपुर।
11. सिस्टम आफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर जिला को जिला न्यायालय, जोधपुर जिला की वेबसाईट पर अपलोड़ करने बाबत्।
12. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश)
जोधपुर जिला।